यीडा ने जापान और सिंगापुर सिटी के लिए 500-500 एकड़ भूमि का प्रस्ताव भेजा

लखनऊ। यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) ने जापान सिटी और सिंगापुर सिटी के विकास के लिए शासन को औपचारिक प्रस्ताव भेजा है। 18 फरवरी को भेजे गए पत्र में प्राधिकरण ने अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त को सूचित किया कि इन दोनों प्रस्तावित शहरों के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है। जापान सिटी के लिए सेक्टर-5ए में 500 एकड़ और सिंगापुर सिटी के लिए सेक्टर-7 में 500 एकड़ भूमि प्रस्तावित की गई है।

प्राधिकरण के सीईओ आरके सिंह ने बताया कि इन दोनों सिटीज के विकास के लिए भूमि अधिग्रहण की योजना तैयार कर ली गई है। इन क्षेत्रों का उपयोग मल्टीपर्पज औद्योगिक क्षेत्र के रूप में किया जाएगा, जिसमें औद्योगिक उपयोग के लिए न्यूनतम 70 प्रतिशत, आवासीय उपयोग के लिए 12 प्रतिशत, वाणिज्यिक उपयोग के लिए 13 प्रतिशत और संस्थागत सुविधाओं के लिए 5 प्रतिशत क्षेत्र निर्धारित किया गया है। यह परियोजना ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन) मोड पर विकसित की जाएगी। इन परियोजनाओं से ग्रेटर नोएडा में बड़े पैमाने पर औद्योगिक और वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। ब्यूरो